संख्या-287(1)/23-11-2015-1/2(89)/15

प्रेषक,

अरविन्द सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 लखनऊ : दिनांक 15 दिसम्बर, 2015

विषयः- चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रदेश में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट के सुधार के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में बक्शी का तालाब से मडियांव (रा0मा0 सं0-24) के चैनेज 482.00 से 488.75 तक एवं इंजीनियरिंग कालेज से टेढ़ी पुलिया (रा0मा0 सं0-24ए) के चैनेज 0.00 से 0.400 और चैनेज 1.400 से 2.400 तक मार्ग पर साईकिल ट्रैक का निर्माण कार्य की प्रशासकीय एवं वितीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक-214/रोड सेफ्टी/2015, दिनांक 06-07-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल प्रदेश में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट के सुधार के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में बक्शी का तालाब से मडियांव (रा0मा0 सं0-24) के चैनेज 482.00 से 488.75 तक एवं इंजीनियरिंग कालेज से टेढ़ी पुलिया (रा0मा0 सं0-24ए) के चैनेज 0.00 से 0.400 और चैनेज 1.400 से 2.400 तक मार्ग पर साईकिल ट्रैक का निर्माण कार्य की आंकलित लागत रू0 1435.84 लाख (रूपये चौदह करोड़ पैतीस लाख चौरासी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये लागत के सापेक्ष रू0 431.00 लाख (रूपया चार करोड़ इकत्तीस लाख मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में व्यय हेतु निम्न विवरणानुसार तथा निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों सहित अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	वित्तीय वर्ष 2015-16 में आवंटन
1	2	3	4	5
1	लखनऊ	जनपद लखनऊ में बक्शी का तालाब से मडियांव (रा0मा0 सं0-24) के चैनेज 482.00 से 488.75 तक एवं इंजीनियरिंग कालेज से टेढ़ी पुलिया (रा0मा0 सं0-24ए) के चैनेज 0.00 से 0.400 और चैनेज 1.400 से 2.400 तक मार्ग पर साईकिल ट्रैक का निर्माण कार्य।	1435.84	431.00

(ए0 के0 सिंह)
मुख्य अभियन्ता (मु0-1)
लो0नि0वि0, लखनऊ

(1) प्रस्तावित तालिका में अंकित निर्माण कार्य उस समय तक प्रारम्भ न कि
... से उस पर कोई व्ययभार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत ला
... कार्य का विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रावि
स्वीकृति न प्रदान कर दी जाय। निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह अव
सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत कार्य पूर्व से किसी भी विभाग द्वारा किस
अन्य योजना में स्वीकृत तो नहीं है।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।

(3) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता की होगी तथा सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।

(4) प्रश्नगत स्वीकृति परिव्यय के अन्तर्गत ही निर्गत की जायेगी।

(5) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर/पी०एल०ए० में न रखी जाय।

(6) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त-पुस्तिकाओं के सुसंग प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(7) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(8) प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में प्रस्तावित है।

(9) प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्रावधानों में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ना, सड़क की लम्बाई एवं चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में परिवर्तन एवं अन्य उच्च विशिष्टियां इस्तेमाल करना इत्यादि, शासन का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा अनुमोदित कार्यो की तकनीकी स्वीकृति निर्गत करने के पूर्व विस्तृत डिजाइन/ड्राइंग बनाते समय प्रायोजना लागत में यदि 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होती है तो इस स्थिति में पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव पर 03 माह के अन्दर समिति का पुनः अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

(10) प्रायोजना के सम्बन्ध में समस्त वैधानिक अनापत्तियाँ तथा वन एवं पर्यावरण सम्बन्धी अनापत्ति सक्षम वैधानिक प्राधिकारी से प्राप्त करने तथा इस सम्बन्ध में मा० उच्चतम् न्यायालय के आदेशों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(11) प्रायोजना के निर्माण के सम्बन्ध में एन०एच०ए०आई० से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(12) कार्य की लागत में अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही नियमानुसार जमा की जायेगी।

(3) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

(4) मूल्य ह्रास निधि चार्जेज की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षक में नियमानुसार जमा करायी जायेगी।

(5) प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-2016 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान-58 लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत व्यय-आयोजनागत-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-08-प्रदेश में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट सुधार करने के लिये मार्ग सुरक्षा कार्य यथा रोड ज्यामिति में सुधार, स्कूल, अस्पताल आदि स्थलों के पास पाथ-वे/ साईकिल ट्रैक का निर्माण कार्य-24-वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वहन किया जायेगा तथा उक्त कार्य के नामे डाला जायेगा।

2- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22-07-2014 के प्रस्तर-2(2) तथा कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30-03-2015 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-3 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-3-1840/दस-2014-100(4)/2002-ब0मै0, दिनांक 01-10-2014 में निहित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-यू0ओ0-ई-8-2974/दस-2015, दिनांक 26 नवम्बर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(अरविन्द सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-2871(1)/23-11-2015-1/2(89)/15-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार प्रथम् (निर्माण) उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- मण्डलायुक्त, लखनऊ /जिलाधिकारी, लखनऊ।
3- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
4- मुख्य अभियन्ता (मध्य क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
5- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
6- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
7- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
9- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र, लखनऊ।
11- निजी सचिव, मा0 मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
12- गार्ड फाइल्।

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)
उप सचिव।